दिन– रविवार  दिनांक– 14 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. इसरो प्रमुख वी नारायणन ने कहा– भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन चाँद पर दो सौ दिन तक काम करने में सक्षम लैंडर विकसित कर रहा है।

02. असम के जोरहाट में वायु सेना विमान दुर्घटना में जहानाबाद के शुभम कुमार और भोजपुर के दानिश आलम समेत पांच जवान शहीद। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जताया शोक।

03. नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को मिला जीआई टैग।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के लिए सभी विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी अनिवार्य किया।

---

इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा है कि इसरो ने परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर एक एडवांस्ड आर्टिफिशियल हीटिंग सिस्टम विकसित किया है, जो लूनर लैंडर को चंद्रमा के बेहद ठंडे मौसम से बचा सकता है। बेंगलुरु में सीएसआईआर–आरआईएसई कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए, उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा से चलने वाला चंद्रयान–थ्री का लैंडर विक्रम चंद्रमा पर केवल चौदह दिनों तक ही काम कर पाया था। अब इसरो परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर ऐसा लूनर लैंडर विकसित करने पर काम करेगा, जो चंद्रमा पर दो सौ दिनों तक काम कर सके। आर्टिफिशियल हीटर वाला यह लैंडर चंद्रमा के कठोर मौसम में भी काम कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य के मिशनों में लंबे समय तक मदद मिलेगी।

---

असम के जोरहाट में कल भारतीय वायुसेना का ए.एन–बत्तीस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में बिहार के दो जवान समेत पांच सैन्य कर्मी शहीद हो गये। हादसे में जान गंवाने वालों में बिहार के शुभम कुमार और दानिश आलम भी शामिल हैं। फ्लाईट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के बनवरिया गांव के निवासी थे। वहीं, अग्निवीर–वायु दानिश आलम भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के कायमनगर के रहने वाले थे। वायुसेना ने कहा है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गयी है। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश शहीदों के साहस और सेवा को हमेशा गर्व के साथ याद रखेगा। उन्होंने शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इधर,

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण करेगा।

---

बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को भौगोलिक संकेतक–जीआई टैग मिला है। इससे इन उत्पादों को अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में एक नई पहचान मिलेगी। बिहार की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों और संबंधित संस्थाओं को बधाई भी दी है। श्री चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला–कौशल और ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली है। उन्होंने कहा कि राज्य की लोक कला, हस्तशिल्प और हथकरघा परंपराएं बिहार की अमूल्य धरोहर हैं तथा जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण के साथ वैश्विक बाजार में नई प्रतिष्ठा प्राप्त होगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया है। समिति ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी करते हुए तीस जून तक सभी छात्रों की अपार आईडी तैयार कराने का निर्देश दिया है। बिहार बोर्ड ने स्कूल प्रधानों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी छात्रों की अपार आईडी बनवाने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। साथ ही, यू–डायस कोड के साथ अपार आईडी का विवरण उपलब्ध कराना भी आवश्यक होगा। यह कार्रवाई शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से एकीकृत और सुरक्षित रखा जा सके।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना स्थित विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग की एक हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री चौधरी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से ढ़ाई लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ भी करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो

मंडल भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री आज ही कृषि विभाग के कार्यक्रम में खरीफ महाअभियान दो हजार छब्बीस के तहत किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह वाहन राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले बारह वर्ष में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत से देश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर बारह साल – विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के शीर्षक से विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम– नागरिकों के जीवन में सुगमता लाने के सरकार के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं श्रम बाजार विशेषज्ञ प्रोफेसर अलख नारायण शर्मा को केंद्र सरकार ने 'श्रम सांख्यिकी उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समिति' का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए प्रोफेसर अलख नारायण शर्मा को बधाई दी है।

---

प्रदेश के उन्नीस जिलों तक मानसून पहुंच चुका है। मानसून की उत्तरी सीमा अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मानसून के प्रभाव से कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और आस–पास के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान पटना, औरंगाबाद, रोहतास, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा समेत चौदह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

–––साउंड बाइट–––

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। श्री शाह ने एक बैठक के दौरान स्थिति के आकलन के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों, महानगरों और औद्योगिक शहरों का दौरा करने का भी निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने अवैध अप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से हुए जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के अध्ययन और इस समस्या से निपटने के उपाय सुझाने के लिए पिछले माह एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने कहा है कि खेल व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और मानसिक दृढ़ता के विकास के लिए प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पटना में खेल भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है बल्कि मजबूत राष्ट्र निर्माण का आधार भी है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य है। पात्रता परीक्षा पास करने के लिए अंतिम तिथि इकतीस अगस्त दो हजार अट्ठाईस निर्धारित की गयी है। इधर, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि वे इस आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के पालन के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

---

प्रदेश के सभी जिलों में बने केन्द्रों पर आज मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। केन्द्रीय सिपाही चयन पर्षद ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से चार हजार दो सौ से अधिक पदों पर बहाली होगी। इन पदों पर बहाली के लिए अगली परीक्षा सत्रह जून को भी होगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने बाल हृदय योजना के तहत कल बत्तीस बच्चों को अहमदाबाद के लिए रवाना किया। अहमदाबाद में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का बेहतर और निःशुल्क इलाज किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बाल हृदय योजना के तहत अब तक तीन हजार एक सौ एक बच्चों का सफल इलाज कराया जा चुका है।

---

परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने कहा है कि वाहनों में प्रेशर हॉर्न और मल्टीट्यून्ड हॉर्न लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न और ट्यून्ड हॉर्न बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई होगी। परिवहन सचिव ने कहा कि इसके इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए राज्यव्यापी विशेष जांच और प्रवर्तन अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है।

---

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप में आज भारत अपने अभियान की शुरूआत पाकिस्तान के साथ मैच से करेगा। ग्रुप ए का यह मैच बर्मिंघम के एजबेस्टन में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच अब तक खेले गए सोलह टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत ने तेरह मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान को केवल तीन मैचों में सफलता मिली है। वहीं, आज एक अन्य मैच में नीदरलैंड्स का मुकाबला बंगलादेश से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने आईआईटी पटना की रिपोर्ट पर सुर्खी लगायी है– राज्य के तेईस बड़े पुलों की स्थिति बेहद गम्भीर। दस पर चल रहा है काम।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– बिहार के विकास के लिए सभी को बीस घंटे करना होगा काम।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– आईसीबीएम मिसाईलों को भी मार गिरायेगा भारत। डीआरडीओ ने किया सफल परीक्षण।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा से जुड़ी खबर पर लिखा है– फ्रांस से बारह समझौते संभव, रफाल के सोर्स कोड लेने पर भी होगी बात।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. इसरो प्रमुख वी नारायणन ने कहा– भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन चाँद पर दो सौ दिन तक काम करने में सक्षम लैंडर विकसित कर रहा है।

02. असम के जोरहाट में वायु सेना विमान दुर्घटना में जहानाबाद के शुभम कुमार और भोजपुर के दानिश आलम समेत पांच जवान शहीद। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जताया शोक।

03. नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को मिला जीआई टैग।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के लिए सभी विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी अनिवार्य किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।